देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 21.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस स्मृति दिवस पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस और अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा– अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मज़बूत, उच्च विकास दर दर्ज करने के लिए तैयार।
- चम्पावत जिला अस्पताल के आईसीयू में टीबी संक्रमण की आशंका के बाद फ्यूमिगेशन प्रक्रिया शुरू।

<u>पुलिस स्मृति दिवस</u>

पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के पुलिस लाइन में में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस और अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून–व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों के पुलिस बलों और अर्धसैनिक बलों के जवानों पर है। अपने इस उत्तरदायित्व को निभाते हुए बीते एक वर्ष में, पूरे भारत में 186 अर्धसैनिक बलों और पुलिस कर्मियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिनमें उत्तराखंड पुलिस के चार वीर सपूत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी वीर बलिदानी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की बुनियाद हैं और उनका बलिदान हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य की पुलिस व्यवस्था को और भी अधिक सक्षम और संसाधनयुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, पुलिस बल के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि 1959 में आज ही के दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। तब से, हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पुलिस स्मृति दिवस टिहरी

टिहरी जिले में पुलिस स्मृति दिवस पर चंबा पुलिस लाइन में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारियों, पुलिसकर्मियों और नागरिकों ने शहीद पुलिस कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारे शहीद पुलिस जवानों का बलिदान सदा अमर रहेगा। उनके त्याग और समर्पण से हमें देश सेवा के प्रति प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। साथ ही धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में यात्रा प्रबंधन और पुनर्निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन, मंदिर समिति, पुलिस विभाग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ सहित अन्य सहयोगी एजेंसियों की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन, पुलिस और सेवा दल, सभी श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा अनुभव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

दीपावली अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में आज दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर अल्मोड़ा के बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। दीपावली पर्व पर पुलिस ने यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान बनाया है। यातायात निरीक्षक दरवान सिंह मेहता ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। इसके तहत अल्मोड़ा से मॉलरोड, एनटीडी, फायर स्टेशन और लोअर मॉल रोड पर वाहनों की आवाजाही की अधिकता को देखते हुए यातायात व्यवस्था निर्धारित की गई है।

भारतीय रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक का कहना है कि अनिश्चित बाहरी कारणों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मज़बूती दिखा रही है और उच्च वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार है। आरबीआई के अक्तूबर बुलेटिन में कल कहा गया कि क्षमता उपयोग और घरेलू माँग के संकेतकों ने सुधार के संकेत दिए हैं। एक रिपोर्ट–

फ्यूमिगेशन प्रक्रिया

चम्पावत जिला अस्पताल के आईसीयू में टीबी संक्रमण की आशंका के बाद फ्यूमिगेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रबंधन ने यह एहतियाती कदम संक्रमण के खतरे को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से उठाया है। यह कदम तब उठाया गया जब 15 अक्टूबर को दमा से पीड़ित एक मरीज को आईसीयू में भर्ती किया गया था। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए उसके बलगम की जांच कराई गई, जिसमें 16 अक्टूबर को टीबी की पुष्टि हुई। उस समय आईसीयू में पहले से चार अन्य दमा के मरीज भी भर्ती थे। फिजिशियन डॉ. दीपक रावत ने बताया कि भर्ती चार दमा मरीजों में से तीन को स्वस्थ होने के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक गंभीर मरीज को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया गया है। टीबी संक्रमित मरीज को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। पीएमएस डॉ. एच.एस. ह्यांकि के अनुसार, आईसीयू को दो दिनों तक फ्यूमिगेट किया जाएगा। इस अवधि में किसी भी नए मरीज को आईसीयू में भर्ती नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फ्यूमिगेशन प्रक्रिया अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फ्यूमिगेशन एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें किसी बंद स्थान में कीट, कवक, बैक्टीरिया या अन्य सूक्ष्मजीवों को नष्ट करने के लिए जहरीली गैस– फ्यूमिगेंट का उपयोग किया जाता है। अस्पतालों

में इसका प्रयोग ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को कीटाणुरहित करने के लिए किया जाता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद कमरे को वेंटिलेशन के माध्यम से पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाता है।

### जीएसटी बचत उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की 22 सितंबर से शुरूआत हो चुकी है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी की कटौती से आम लोगों को, विशेषकर विद्यार्थियों को मदद मिल रही है।

### विशेष रेलगाड़ियां

मध्य रेलवे त्योहारों के कारण यात्रियों की सुविधा के लिए आगामी दिनों में करीब आठ हजार विशेष रेलगाडियां चलाएगा। रेलवे ने एक से 19 अक्तूबर के बीच त्योहारों के मौसम में यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए चार हजार विशेष रेलगाडियां चलाई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल रेलवे बोर्ड के वॉर रूम का निरीक्षण किया और त्योहारी सीज़न के दौरान यात्रियों सुविधाओं की समीक्षा की। दिवाली और छठ पूजा के दौरान सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय रेलवे इस वर्ष 12 हज़ार से ज़्यादा विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान संचालित सात हजार सात सौ 24 ट्रेनों से उल्लेखनीय वृद्धि है।